भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.205

जिसका उत्तर 20.07.2023 को दिया जाना है

मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

205. श्री सुनील बाबूराव मेंढे:
डॉ. राजश्री मल्लिक:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश भर में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत आधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों (एमएमएलपी) का शीघ्र विकास करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ओडिशा और महाराष्ट्र में इस प्रयोजनार्थ किन-किन स्थानों की पहचान की गई है; और

(ग) गोंदिया, महाराष्ट्र में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की वर्तमान स्थिति क्या है और;

(घ) माल-भाड़ा समेकन को केन्द्रीकृत करने और संभार तंत्र लागत को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हाँ।

(ख) से (घ) भारतमाला परियोजना के तहत 35 मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) को मंज़ूरी दी गई है।इन एमएमएलपी से माल ढुलाई समेकन को केंद्रीकृत करने और इंटरमॉडल शिफ्ट की सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आ सकती है।

जगतसिंगपुर और सुंदरगढ़ ओडिशा से दो स्वीकृत स्थान हैं। इन दोनों स्थानों के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन के लिए परियोजनाएं सौंप दी गई हैं।

महाराष्ट्र से नागपुर, नासिक, पुणे और मुंबई चार स्वीकृत स्थान हैं। एमएमएलपी नागपुर के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन पूरा हो चुका है और नासिक, पुणे और मुंबई के लिए व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट की तैयारी के लिए परामर्शदाता को नियुक्त किया गया है।

गोंदिया में एमएमएलपी के विकास के लिए पूर्व-व्यवहार्यता हेतु परियोजना सौंप दी गई है।

*****